उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या- 41 /03/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2022-2023/01-परीक्षा/2022

लखनऊ : दिनांक : 02 मई, 2023

आयोग के विज्ञापन संख्या-01-परीक्षा/2022, राजस्व लेखपाल मुख्य परीक्षा-(प्रा0अ0प0-2021)/02 के अंतर्गत विज्ञापित राजस्व लेखपाल के 8085 पदों के सापेक्ष दिनांक 31.07.2022 को आयोजित लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर मा0 आयोग के निर्णय के अनुक्रम में चिन्हित कुल 27455 अभ्यर्थियों के अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु परिणाम एवं कटऑफ अंक को मा0 आयोग के निर्णय दिनांक 02.05.2023 द्वारा अनुमोदित किया गया है।

सूच्य है कि मा0 उच्च न्यायालय में योजित रिट याचिकाओं के दृष्टिगत मा0 आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के क्रम में विज्ञापन संख्या-01-परीक्षा/2022 की लिखित परीक्षा में शून्य या उससे कम/नकारात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को छोड़कर विकलांग श्रेणी के समस्त अभ्यर्थियों को अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित किया गया है। सूच्य है कि विकलांगता की उपश्रेणी के संबंध में प्रश्नगत विज्ञापन के प्रस्तर-5.4 में दिये गये विवरण के अनुसार अर्हता/अभिलेख परीक्षण के उपरांत अंतिम चयन की कार्यवाही की जायेगी।

प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2021 के परिणाम में जांच के अधीन (Under Investigation-UI) होने के आधार पर 02 अभ्यर्थी प्रश्नगत पद के लिये अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु उक्त परिणाम में औपबंधिक चिन्हित किये गये हैं।

सूच्य है कि आयोग स्तर पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार प्रश्नगत विज्ञापन के विभिन्न प्रकरणों पर मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद तथा खण्डपीठ लखनऊ में कुल 14 रिट याचिकायें विचाराधीन (Pending) हैं। अतः अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित अभ्यर्थियों का उक्त परिणाम मा0 उच्च न्यायालय में विचाराधीन उक्त रिट याचिकाओं तथा अन्य रिट याचिका (यदि कोई हो) में मा0 न्यायालय द्वारा पारित होने वाले आदेशों के अधीन होगा।

अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित अभ्यर्थियों का उक्त परिणाम अन्तिम चयन परिणाम नहीं है। अतएव अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु घोषित इस परिणाम में सम्मिलित होने के आधार पर अन्तिम चयन हेतु किसी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। अन्तिम चयन परिणाम अर्हता/अभिलेख परीक्षण के उपरांत यथासमय घोषित किया जायेगा।

सम्बन्धित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर उपरोक्तानुसार अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित 27455 अभ्यर्थियों का ऑनलाइन परिणाम तथा गोपन अनुभाग के पत्र संख्या-877/गोपन/**01**/03/2022/2023, दिनांक 02-05-2023 द्वारा संसूचित उक्त परिणाम से संबन्धित कट ऑफ अंक (01 पृष्ठ) यथावत आयोग की वेबसाइट **http://upsssc.gov.in** पर अपलोड कर दी गयी है। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के **Home Page** पर उपलब्ध **Results Segments** पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम ऑनलाइन देख सकते हैं।

संलग्नक- यथोपरि।

02/05/2023

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर, लखनऊ।
संख्याः–877/गोपन/01/03/2022/2023
लखनऊः दिनांक 02 मई, 2023

आयोग के विज्ञापन संख्या–01–परीक्षा/2022, राजस्व लेखपाल मुख्य परीक्षा–(प्रा0अ0प0–2021)/02 के अंतर्गत लिखित परीक्षा के आधार पर राजस्व लेखपाल पद के लिये अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित अभ्यर्थियों का श्रेणीवार कट–आफ अंकः–

लम्बवत आरक्षण

क्रम सं०	श्रेणी	कटऑफ अंक
1	अनारक्षित	75.75
2	अनुसूचित जाति	73.75
3	अनुसूचित जनजाति	66.50
4	अन्य पिछड़ा वर्ग	75.75
5	आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए (EWS)	75.75

क्षैतिज आरक्षण

क्रम सं०	श्रेणी	कटऑफ अंक
1	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित	70.50
2	विकलांगजन	लिखित परीक्षा में शून्य या नकारात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को छोड़कर विकलांग श्रेणी के समस्त अभ्यर्थी चिन्हित।
3	महिला	75.50
4	सैन्य वियोजित/भूतपूर्व सैनिक	66.50

02/05/2023

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।